सं. डी-29013/3/2013-प्रशासन (एनबीओ)

भारत सरकार

आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय

राष्ट्रीय भवन निर्माण संगठन

जी-विंग, निर्माण भवन,

नई दिल्ली, दिनांक 19/12/2014

<u>निविदा सूचना</u>

विषयः एनबीओ-आरईजी के सभी मैनुअलों, कम्पैडियम, रिपोर्ट्स, दिशा-निर्देशों, पुस्तिकाओं इत्यादि का दर अनुबंध

श्रीमान,

उपरोक्त कार्यों के लिए इस निविदा सूचना के जरिए (दो निविधा प्रणाली-तकनीकी तथा वित्तीय निविदा)एनबीओ के सभी मुद्रण तथा सभी मुद्रण कार्यों की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध को अंतिम रूप देने हेतु सभी योग्य मुद्रकों (प्रिंटरों) तथा आपूर्तिकर्ताओं से सील की हुई संविदा दरों को आमंत्रित किया जाता है, जो नीचे दिए विनिर्देशों के अनुरूप होंने चाहिए:

मुद्रक कार्यों का आकार	:	ए-4 साइज
कवर पृष्ठ	:	चार टेक्स्ट सामग्रियों के साथ कलर कार्य, (1+1)+ 4 पृष्ठ आरंभ टेक्स्ट के साथ + पृष्ठ कवर 2 रंगीन तथा 2 रिक्त कागज के साथ
सामान्य कागज	:	ए-4 साइज टेक्स्ट (70 जीएसएम) तथा कवर (170 जीएसएम)
बाइंडिंग	:	स्पाइन पेस्टिंग/स्टिचिंग/बाहरी कवर मैट लैमिनेशन पुस्तकों की मोटाई के अनुसार
मात्रा	:	आवश्यकतानुसार बदलता रहेगा
इनपुट	:	पीडीएफ फॉर्मेट में सॉफ्ट कॉपी
वितरण	:	निर्माण भवन, नई दिल्ली-110108

जो पक्ष नीचे दिए गए नियम-शर्तों पर उपरोक्त कार्यों को संपन्न करने में रुचि रखते हों, उनसे प्रशासन, कमरा संख्या 207-जी विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली के पते पर 5 जनवरी, 2015 (मध्याहन 3.00 बजे तक) अपनी निविदा सौंपने का अनुरोध किया जाता है। निविदा खोलने का स्थान भी यही रहेगा।

II. तकनीकी निविदा की शर्तें।

1 फर्म को सर्विस टैक्स नं, सेल्स टैक्स नं तथा पैन/टैन सं. की प्रतियां संलग्न करनी होगी।

2 फर्म के पास उनका अपना पूर्ण कम्प्यूटरीकृत हाई-टेक प्रिंटिंग तथा बाइंडिंग मशीन तथा दिल्ली में केंद्रीय रूप से स्थित प्रिंटिंग यूनिट होने चाहिए। (इस कार्यालय की मूल्यांकन समिति अनुबंध को अंतिम रूप से देने से पूर्व फर्मों के परिसरों का औचक निरीक्षण कर सकते हैं।) फर्म का पता-प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए।

3 केंद्र सरकार, मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों के मुद्रण कार्य संतोषप्रद रूप से पूरे किए हों (पिछले 2 वर्षों के दौरान न्यूनतम 5 मुद्रण कार्य) कम से कम उनमें से किन्हीं दो कार्यों का कुल अनुबंध मूल्य रु. 5.00 लाख या उससे अधिक होना चाहिए।

4 इस निविदा सूचना की नियम-शर्तों के प्रति स्वीकृति पत्र संलग्न होना चाहिए।

5 "पीएओ, सेक्रेटरी (यूईपीए)" के पक्ष में एक डिमांड ड्राफ्ट सौंपना होगा, जो नई दिल्ली में भुगतान योग्य हो, और इसकी राशि 25000/- जो तकनीकी निविधा के लिए निविदा सुरक्षा के रूप में होगी।

6 तकनीकी निविदाओं को **5 जनवरी, 2015, 4.30 बजे मध्याह्न** को खोला जाएगा।

III वित्तीय निविदा की शर्तें

1 अनुलग्नक-1 में संलग्न प्रारूप के अनुसार वित्तीय निविदा भेजी जाएगी, जिसमें वैट या कोई अन्य शुल्क नहीं होगा। वैट/अन्य शुल्कों को पृथक रूप से वर्णित करें।

2 वित्तीय निविदा का प्रारूप अनुलग्नक-1 में संलग्न प्रारूप के ही अनुरूप होना चाहिए। वहां कोई अतिरिक्त शब्द या जानकारी नहीं संलग्न करना या लिखना चाहिए।

3 सफल निविदाकर्ता को इस विभाग को प्रदर्शन गारंटी के रूप में एक रु. 1.00 लाख की बैंक गारंटी जमा करानी होगी, जो अनुबंध की अवधि तक वैध होगी।

4 सफल उम्मीदवार के वित्तीय निविदा को **उसी दिन खोला जाएगा या उसकी बाद में सूचना दी जाएगी।**

IV अन्य नियम-शर्तें

1 यह ध्यान दिया जाए कि उनके द्वारा वर्णित तथा इस कार्यालय द्वारा सहमत राशि के अलावा कोई अन्य शुल्क का भुगतान हरेक कार्य के लिए अंतिम रूप से

सफल फर्म को नहीं किया जाएगा।

2 **पुस्तकों की डिजाइनिंग और कवर डिजाइनिंग के जिम्मेदारी उन मुद्रकों की होगी, जिन्हें यह कार्य सौंपा जाएगा। इसके लिए मुद्रक को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं दिया जाएगा।**

3 कार्य को बताई समय सीमा (विशेष परिस्थितियों में, 48 घंटों के भीतर-छुट्टियां समेत) के भीतर समाप्त करना होगा। ऐसा करने में विफल रहने पर मुद्रकों के लिए कुल देय भुगतान में से वर्क ऑर्डर के 25% मूल्य की राशि काट ली जाएगी।

4 **वर्क ऑर्डर के अनुसार किसी कार्य को पूरा करने में विफल रहने की स्थिति में, बैंक गारंटी की पूरी राशि रख ली जाएगी और अनुबंध बिना किसी अगली सूचना के रद्द हो जाएगा।**

5 कार्य वांछित तरीके से और इस कार्यालय के योग्य अधिकारी द्वारा दिए परामर्श के अनुरूप पूरा किया जाना चाहिए।

6 चूंकि ये कार्य हमेशा आकस्मिक प्रकृति के होंगे, इसलिए समय-सीमा में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी।

7 यह कार्यालय प्राप्त किए लागत प्रस्तावों को स्वीकार करने तथा बिना किसी कारण के अस्वीकार किए जाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

8 निविदाकर्ता निविदा खोले जाने के समय अपने प्रतिनिधियों को ऊपर दिए कार्यक्रम के अनुरूप भेज सकता है।

इच्छुक पक्ष सील किए लिफाफे में ऊपर बताई समय सीमा तक अपने लागत-प्रस्ताव भेज सकता है।

भवदीय

(ए के शर्मा)
अनुसंधान अधिकारी/प्रभारी- प्रशासन (एनबीओ)
दूरभाष नं. 23063375

प्रतिलिपिः

1 एनबीओ की वेबसाइट के लिए पत्र की अपलोडिंग के लिए एनआईसी

2 भारत सरकार की सीपीपीपी को अपलोड करने के लिए सहायक, एनबीओ।

अनुबंध-I

निविदा के अनुसार मुद्रण नौकरी के लिए मूल्य उद्धरण

पूछताछ सं.____________ दिनांक___________

फर्म का नाम

पताः

सेवा कर नं.

वैट नं.

बिक्री कर नं.

पैन/टैन नं.

मुद्रित करने के लिए पुस्तकों की विशिष्टताएं (4 कलर जॉब)

विनिर्देश/प्रतियों की सं.	कवर 170 जीएसएम, टैक्स्ट 70 जीएसएम, सामान्य कागज मैट फिनिश उच्च गुणवत्ता की सिलाई और स्पाइन चिपकाना
300 प्रतियां या उससे कम के लिए मूल्य	
301-999 प्रतियों के लिए मूल्य	
1000 या उससे अधिक प्रतियों के लिए मूल्य	

ब्रोशर के लिए (4 कलर जॉब)

	1000 प्रतियां	2000 प्रतियां
330 जीएसएम मैट फिनीश (1 लीफ आदि 2 पेज मुद्रित) रु. में मूल्य		

निविदा के साथ दी जाने वाली सूचना मेरे विचार से सत्य हैं तथा मेरी ओर की गई किसी अनियमितता/खामियों/गलत सूचना देने पर मेरी निविदा रद्द कर दी जाएगी।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर